डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस–विज्ञप्ति

साहित्य मंच कार्यक्रम संपन्न

नई दिल्ली, 27 दिसंबर 2018। साहित्य अकादेमी द्वारा आज तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में साहित्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैलिफोर्निया की प्रख्यात द्विभाषी कवयित्री, निबंधकार, लेखक, संपादक और अनुवादिका सोफ़िया नाज़ ने तथा अंग्रेज़ी कवि और संपादक सॉनेट मंडल ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव, डॉ. के. श्रीनिवासराव ने अतिथि कवियों का स्वागत साहित्य अकादेमी की प्रस्तकें भेंट करके किया। सोफ़िया नाज़ ने जिन कविताओं को प्रस्तुत किया उनमें से कुछ के शीर्षक थे – 'गुलमोहर', 'ओड टू अमनेशिया', 'क्वेशन' (कवि शाहिद अली को समर्पित), 'द टेस्ट ऑफ साइनाइड (भोपाल त्रासदी को समर्पित), 'छप्पन छुरी' और 'ओड टू स्केयर'। ये कविताएँ उनके बहुचर्चित कविता–संग्रहों 'पॉइंटिलिज्म' और 'पेरीफेरिज़' से प्रस्तुत की गईं थी।

सॉनेट मंडल ने हाल ही में प्रकाशित अपने कविता–संग्रह 'कार्मिक चेंटिंग' से कविताएँ प्रस्तुत कीं। कुछ पढ़ी गई कविताएँ थीं – 'द लास्ट मैंगो ट्री', 'टू सीरियन चिल्ड्रन' (सीरियाई बच्चों को समर्पित) 'ग्रॉड माँ' (अपनी दादी को समर्पित) तथा एक पंक्ति की कविता 'व्हाई', 'असाइड्स ऑफ लॉक्ड' प्रस्तुत कीं।

कविता पाठ के बाद श्रोताओं ने कवियों से कई प्रश्न पूछे जो कविताओं की पृष्ठभूमियों से संबंधित थे। श्रोताओं की मांग पर सोफ़िया नाज़ ने अपने आगामी कविता–संग्रह 'जीरो पीरियड' से कुछ कविताएँ प्रस्तुत कीं। सॉनेट मंडल ने अपनी सचित्र कविता पुस्तक, जिसे उन्होंने सुकृता कुमार पॉल के साथ तैयार की है, के बारे में श्रोताओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में दिल्ली के जाने–माने साहित्यकार उपस्थित थे।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in